The


# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

12 – 04 – 2023

WEDNESDAY



## 1. भारत की पहली नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम की सुषमा पटेल होंगी कप्तान



भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) (CABI)) ने भारत (India) की पहली महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम (first women blind cricket team) की घोषणा की है,जो नेपाल के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय श्रृंखला में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।सीएबीआई के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने कहा, "यह कुछ ऐसा है जिसका हम लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह दुनिया को यह दिखाने का समय है कि भारत को पहली महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है, और ये महिलाएं हमें और भी गौरवान्वित करेंगी और कई दृष्टिबाधित महिलाओं को जुनून के साथ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करेंगी।भारत में ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन ने 2023 में भारत और नेपाल के बीच नेत्रहीनों के लिए आगामी टी-20 द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए मध्य प्रदेश की सुषमा पटेल को कप्तान और कर्नाटक के गंगव्वा नीलप्पा हरिजन को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

## 2. आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान और तेलंगाना वर्ष 2021-22 के राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक में रहे शीर्ष पर



ऊर्जा दक्षता के मामले में कर्नाटक का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जिसे हाल ही में जारी स्टेट एनर्जी एफिशिएन्सी इंडेक्स (एसईईआई) 2021-22 में कुल 82.5 अंक दिए गए हैं। इसके साथ ही आंध्रप्रदेश (77.5), तेलंगाना (74), केरल (68.5) और राजस्थान (67) का प्रदर्शन भी अन्य राज्यों से बेहतर था।इसके साथ ही कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, असम और चंडीगढ़ अपने-अपने राज्य-समूहों में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य रहे। वहीं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने पिछले सूचकांक की तुलना में इस बार सबसे ज्यादा सुधार दर्ज किया है।यदि दिल्ली की बात करें तो उसे इस इंडेक्स में 33 अंक दिए हैं कि ऊर्जा दक्षता के मामले में उसका प्रदर्शन कुछ खास अच्छा नहीं है।जहां प्रति व्यक्ति हर वर्ष 699.12 किलोवाट घंटा बिजली की खपत की जा रही है।

## 3. अंतरराष्ट्रीय पुलिस ने 'ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर' के तहत डार्क वेब मार्केट पर किया कब्जा



दुनिया की सबसे बड़ी साइबर क्राइम वेबसाइट और साइबर अपराधियों के बीच पॉपुलर मार्केटप्लेस- जेनिसिस मार्केट (Genesis Market) को अब सीज कर दिया गया है. इसके लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी- फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (FBI) समेत 17 देशों की लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों ने एक खास ऑपरेशन चलाया था. इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर' नाम दिया गया, जिसके तहत 100 से ज्यादा साइबर अपराधी दबोचे गए हैं, और साइबर अपराधियों के बीच पॉपुलर 'जेनिसिस मार्केट' को सीज कर दिया गया हैजेनेसिस मार्केट में लोगों के लॉगिन डिटेल्स, IP एड्रेस और डिजिटल फिंगरप्रिंट बनाने वाला अन्य डेटा बेचा जाता था. कि यहां साइबर अपराधी एक डॉलर से कम कीमत में भी लोगों की पर्सनल डिटेल्स

खरीद लिया करते थे और फ्रॉड करते थे. कि साइबर अपराधों के अड्डे 'जेनेसिस मार्केट' में बिक्री के लिए 2 मिलियन लोगों के 80 मिलियन क्रेडेंशियल्स और डिजिटल फिंगरप्रिंट थे. 'जेनेसिस मार्केट' को 2017 में बनाया गया था.

### 4. सऊदी अरब, पाकिस्तान की मोहमंद बहुउद्देशीय बांध परियोजना में करेगा वित्तीय सहयोग



पाकिस्तान की हालत बद से बदतर होती जा रही है. कई देश पाक को फंड कर चुके हैं. जिसके बाद एक बार फिर पाकिस्तान ने मदद का हाछ बढ़ाया है. सऊदी अरब पाकिस्तान को 40 मिलियन डॉलर का लोन देने वाला है. ये लोन एक मोहमंदम डैम के निर्माण के लिए दिया जा रहा है. इस प्रोजेक्ट से पाकिस्तान में बिजली पैदा होगी, पानी की सप्लाई बेहतर होगी और खेती में भी ये पानी काम आएगा. कि ये बाढ़ के प्रति प्रतिरोधकता को भी बढ़ाएगा. "सऊदी फंड फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) ने 240 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं." ये फंडिंग पाकिस्तान के लगातार गिरके फॉरेन रिजर्व में मदद करेगा. एर्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान की गिरती अर्थव्यवस्था को इससे काफी लाभ मिल सकता है. देश में बढ़ती एनर्जी की मांग को भी ये डैम पूरा करेगा.

5. नेशनल जियोफिज़िकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने आंध्र प्रदेश में की दुर्लभ मृदा धातु तत्वों की खोज



सीएसआईआर के यहां स्थित राष्ट्रीय भूभौतकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) को आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले में हल्के दुर्लभ भूतत्वों (आरईई) की मौजूदगी का पता चला है जो कई इलेक्ट्रोनिक उपकरणों, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, एयरोस्पेस और रक्षा समेत विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयागों के लिए एक अहम अवयव है।हल्के दुर्लभ भूतत्व खनिजों में लैंथनम, सेरियम, प्रेसियोडीमियम, नियोडिमियम, येत्रियम, हाफनियम, टांटालुम, नियोबियम, जिरकोनियम और स्कैंडियम शामिल हैं।एनजीआरआई में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी वी सुंदर राजू ने पीटीआई-भाषा से कहा, '' हमें पूर्ण चट्टान विश्लेषण में भारी मात्रा में हल्के दुर्लभ तत्व (एलए, सीई, पीआर, एनडी, वाई, एनबी और टीए) मिले जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि इन खनिजों में आरईई हैं।दुर्लभ भूतत्व ऐसे 15 तत्व हैं जिन्हें स्कैंडियम और येत्रियम के साथ 'पीरियोडिक टेबल में 'लैंथननाइड और एक्टीनाइड सीरिज के रूप में जाना जाता है।(मोबाइल फोन) समेत जिन उपकरणों का हम रोजाना इस्तेमाल करते हैं

### 6. महिला सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा लॉन्च किया गया 'Bhoroxa' ऐप



भारत में महिलाओं की सुरक्षा हमेशा एक अहम मुद्दा रहा है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गौहाटी उच्च न्यायालय में 'भोरोक्सा' मोबाइल ऐप लॉन्च करके महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने की दिशा में एक कदम उठाया। ऐप, जिसमें राज्य भर में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर और महिलाओं से संबंधित योजनाएं शामिल हैं, संकट में महिलाओं को तत्काल मदद पाने में मदद करेंगी। ऐप की मुख्य विशेषताओं में से एक मदद मांगने वाली महिलाओं के लिए 181 हेल्पलाइन नंबर है। यह हेल्पलाइन यह सुनिश्चित करेगी कि संकट में फंसी महिलाएं तुरंत अधिकारियों तक पहुंच सकें और मदद मांग सकें। ऐप में महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के बारे में विवरण भी शामिल है।'भोरोक्सा' मोबाइल ऐप का लॉन्च गौहाटी उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह का एक हिस्सा था

7. यूपी के महराजगंज में बना एशियाई गिद्धों के लिए दुनिया का पहला संरक्षण व प्रजनन केंद्र



यूपी के महराजगंज जिले में जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र (JCBC) एशियाई राजा गिद्धों के संरक्षण के लिए विशेष रूप से निर्मित और डिजाइन किया गया दुनिया का पहला संरक्षण और प्रजनन केंद्र तैयार है एशियाई राजा गिद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर रूप से संकटग्रस्त और संरक्षित है। गोरखपुर वन मंडल में 1.5 हेक्टेयर में फैला, यह एक अत्याधुनिक केंद्र है, जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें गिद्धों के लिए कई एवियरी (पक्षियों के लिए पिंजरा) हैं, एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र, जहां गिद्धों के लिए भोजन तैयार किया जाएगा और आबादी को खिलाने से पहले जांच की जाएगी और 100% परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम रूप से अंडे पालने के लिए एक ऊष्मायन केंद्र अन्य विशेषताएं हैं।

**8. IMF ने वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत के GDP पूर्वानुमान को घटाकर 5.9% किया**




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को घटा दिया है। आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी से घटाकर 5.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेजी से वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर के संबंध में आईएमएफ का ताजा अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमानों से कम हैं। रिजर्व बैंक का बीते वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर सात फीसदी रहने का अनुमान है, सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी आंकड़े अभी जारी नहीं किए हैं। उसके बाद भारत के आर्थिक विकास दर के अनुमान को घटाया गया है. वैश्विक अर्थव्यवस्था 2023 में 2.8 फीसदी के दर से विकास करेगा तो 2024 में 3 फीसदी के दर से विकास करना का अनुमान है. जनवरी के अनुमानों के मुकाबले आईएमएफ ने 10 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है.

**ONE LINER**

**किस पॉलिटिकल पार्टी को हाल ही में नेशनल पार्टी का दर्जा मिला है-** आम आदमी पार्टी
**भारतीय संविधान के पहले डोगरी संस्करण को किसने लांच किया है-** किरेन रिजिजू
**2023 में जारी टाइगर सेंसस रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में भारत में टाइगरों की संख्या बढ़कर कितनी हो गई है –** 3167
**एशिया के किस देश को हाल ही में 4 साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के लिए चुना गया है ? –** भारत को

स्टैंड अप इण्डिया स्कीम को कब तक के लिए टाल दिया गया है ? – 2025 तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने “बांदीपुर टाइगर रिजर्व ” का दौरा किया ? किस राज्य में स्थित है ? – कर्नाटक राज्य में

Ipl 2023 में 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के मारने का रिकार्ड किस क्रिकेटर ने बनाया है ? – रिंकू सिंह

2023 टी20 क्रिकेट में किस खिलाड़ी ने सर्वाधित हैट्रिक (4 बार) लेने का रिकॉर्ड बनाया है? - राशिद खान ने

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल ही में किस राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिया गया? - आप ( आम आदमी पार्टी )

**QUIZ**

**1. एलआईसी ने किसे चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया है?**

(a) राहुल पूरी
(b) पीसी पैकरे
(c) अजितेश सिन्हा
(d) रत्नाकर पटनायक

**EXPLANATION-:** एलआईसी ने रत्नाकर पटनायक को चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर और पीसी पैकरे को मुख्य जोखिम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है. रत्नाकर पीआर मिश्रा की जगह लेंगे. इसके अतिरिक्त पीसी पैकरे ने 10 अप्रैल को तबलेश पांडे का स्थान लिया. पटनायक के पास 32 साल का अनुभव है. पटनायक सितंबर 1990 में एलआईसी में शामिल हुए थे.

**2. विश्व बैंक के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?**

(a) जिम योंग किम
(b) रॉबर्ट ज़ॉलिक
(c) पॉल वोल्फोवित्ज़
(d) डेविड माल्पस

**EXPLANATION-:** हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी डेविड मालपास को विश्व बैंक के 13वें अध्यक्ष के तौर पर चुना गया। विश्व बैंक के कार्यकारी बोर्ड ने आम सहमति से उनका चयन किया।

**3. L&T कंस्ट्रक्शन 3D प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके कहाँ भारत के पहले डाकघर भवन का निर्माण कर रहा है ?**

(a) दिल्ली
(b) बेंगलुरु
(c) चेन्नई
(d) हैदराबाद

**EXPLANATION-:** कि वह बेंगलुरु में ‘3 डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का उपयोग कर भारत के पहले डाकघर का निर्माण कर रहा है। कि परियोजना के तहत 45 दिनों के भीतर ‘3 डी कंक्रीट प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 1,000 वर्ग फुट में बनने वाले हलासुरु डाकघर को डिजाइन करना और उसका निर्माण करना है।

**4. किस देश ने इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स (FEI) विश्व कप फाइनल 2024 की मेजबानी के लिए झंडा प्राप्त किया ?**

(a) आइसलैंड
(b) फ्रांस
(c) अर्जेण्टीना
(d) सऊदी अरब

**EXPLANATION-:** सऊदी अरब ने एफईआई विश्व कप फाइनल का झंडा प्राप्त कर लिया है, जिसकी मेजबानी रियाद अप्रैल 2024 में करेगा। एफईआई विश्व कप, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शो-जंपिंग घोड़ों और सवारों के बीच एक वार्षिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, अगले साल रियाद में मध्य पूर्व में पहली बार आयोजित की जाएगी। सऊदी अरब इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन के अध्यक्ष प्रिंस अब्दुल्ला बिन फहद बिन अब्दुल्ला ने मध्य पूर्व में पहली बार चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाले किंगडम पर गर्व व्यक्त किया।

**5. हाल ही में आयी रिपोर्ट के अनुसार तापमान वृद्धि में योगदान के मामले में कौनसा देश शीर्ष पर रहा है ?**

(a) युक्रेन
(b) अमेरिका
(c) सिंगापुर
(d) बरूस

**EXPLANATION-:** भारत वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि के लिए जिम्मेवार देशों की लिस्ट में पांचवे स्थान पर है। यदि 1850 से वैश्विक तापमान में हुई वृद्धि के लिहाज से देखें तो इसका सबसे ज्यादा जिम्मेवार अमेरिका है।

**6. भारत और फिलीपींस के बीच चौथी रक्षा सहयोग की बैठक कहाँ आयोजित हुई है ?**

(a) नई दिल्ली
(b) बंगलौर
(c) कोलकाता
(d) लखनऊ

**EXPLANATION-:** भारत और फिलीपींस के बीच चौथी संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बीच दोनों देशों के बीच चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की।

**7. हाल ही में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स पोर्टल (समुद्री) का सागर सेतु एप कहाँ लांच किया गया है ?**

(a) रांची
(b) पुणे
(c) नई दिल्ली
(d) मुंबई

**EXPLANATION-:** केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने नेशनल लॉजिस्टिक्स पोर्टल मरीन का 'सागर-सेतु' मोबाइल ऐप लॉन्च किया नई दिल्ली: केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को श्रीपद वाई नाइक, MoS, बंदरगाह, नौवहन मंत्रालय और की उपस्थिति में राष्ट्रीय रसद पोर्टल (समुद्री) 'सागर-सेतु' का ऐप संस्करण लॉन्च किया।

**8. हाल ही में किस टेनिस खिलाड़ी ने अपना पहला मियामी ओपन खिताब जीता है ?**

(a). इवान लेंडल
(b). गुलरमो विलास
(c). पेट्रा क्वितोवा
(d). जॉन मैकनरो

**EXPLANATION-:** रूसी टेनिस स्टार दानिल मेडवेड ने माइमी ओपन्स 2023 में जैनिक सिनर को हराकर इस साल अपना चौथा खिताब जीता। मेडवेड, जो पहले दुनिया में शीर्ष रैंकिंग वाला खिलाड़ी था, ने अब अपने अंतिम जीत के साथ-साथ अपने पिछले 25 मैचों में से 24 जीते हैं, जिसमें उनकी नवीनतम जीत अमेरिका के प्रतिष्ठित माइमी ओपन में शामिल है।